# <u>नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 प्रमाण पत्र</u>

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य Behman Public School at Sirsi, Sambhal-Moradabad road Tehsil and District Sambhal U.P. द्वारा नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य Ar. Haris Husain, B.E. (Civil) Hon. Registered Engineer L.No-05 Regulated Area Sambhal, Distt. Sambhal के डिजाईन एवं ड्राईंग के आधार पर उनकी देखरेख में नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुसार किया गया है, तथा Ar. Haris Husain द्वारा इसका प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किया गया है कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप किया गया है, तथा भवन पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

तत्क्रम में इस कार्यालय के सहायक अभियन्ता द्वारा उक्त विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया, तथा सम्बन्धित विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों का यथा ड्राईंग व अन्य प्रमाण पत्रों का अवलोकन करने पर पाया गया कि विद्यालय सोसाइटी द्वारा भवन निर्माण के दौरान स्थानीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत या विकास प्राधिकरण क्षेत्र अथवा अन्य से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के अनुरूप भवन निर्माण होने का प्रमाण पत्र विद्यालय प्रबन्धतन्त्र द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है, परन्तु नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 में उल्लेखित गाईडलाईन के अनुरूप जैसे विद्यालय भवन कक्ष दीवार पूर्णतः मजबूत है, तथा कक्षा–कक्षों में बच्चों के बैठने एवं धूप/ठण्ड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था है। कक्षा–कक्ष हवादार व रोशनीयुक्त हैं। यद्यपि विद्यालय भवन के निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 का पूर्णरूपेण पालन नहीं किया गया है, फिर भी नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 में उल्लेखित मुख्य बिन्दुओं का परिपालन विद्यालय भवन निर्माण में किया गया है।

यदि भविष्य में प्रस्तुत भवन के मानचित्र में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन किया जाता है तो उक्त प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा, तथा भौतिक रूप से भवन निर्माण के लिए प्रमाण पत्र जारीकर्ता की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

सहायक अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सम्भल।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सम्भल।

<u>कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जनपद–सम्भल।</u>

पत्रांक 272 /ग्रा0अ0वि0/एन0बी0सी0–2005/2023–24 दिनांक 21-7-2023

प्रतिलिपिः–

1. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य Behman Public School at Sirsi, Sambhal-Moradabad road Tehsil and District Sambhal U.P.

Executive Engineer Rural Engineering Department Sambhal

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सम्भल।